हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 19 नवंबर 2025

04 रेत से भरी ट्रॉली खाद केंद्र में घुसी, बड़ा हादसा टला...



07 अपराधियों के हौसले बुलंद, युवक को गोली मारकर हुए...





**खबर संक्षेप**

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं



**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 51 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर जमील खान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

आरओबी के दोनों साइड सर्विस रोड और रेलवे की जमीन का सीमांकन कराने शुरू किया था वरिष्ठजनों ने आमरण अनशन

# बुजुर्गों की जान का खतरा देख कॉलोनीवासियों ने बुजुर्गों से की मार्मिक अपील, तुड़वाया अनशन

हाउसिंग बोर्ड कालोनी में सर्विस रोड की मांग को लेकर 70 से 72 वर्ष की आयु के विश्वनाथ सिंह और ओमप्रकाश अग्निहोत्री ने 17 नवंबर सुबह 10 बजे से अन्न-जल त्याग दिया था, लेकिन तबीयत खराब होने के डर से कॉलोनीवासियों जूस पिलवाकर तुड़वाया अनशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के दोनों ओर सर्विस रोड की मांग को लेकर दो वरिष्ठ नागरिकों द्वारा शुरू किया गया आमरण अनशन मंगलवार को मार्मिक मोड़ पर समाप्त हुआ। प्रशासन की ओर से कोई सुध न लेने और अनशनकारियों की उम्र व बिगड़ सेहत को देखते हुए कॉलोनीवासियों ने दोनों बुजुर्गों से मार्मिक अपील व निवेदन करते हुए जूस पिलाकर अनशन तुड़वा दिया।

बता दें हाउसिंग बोर्ड कालोनी में सर्विस रोड की मांग को लेकर 70 से 72 वर्ष की आयु के विश्वनाथ सिंह और ओमप्रकाश अग्निहोत्री ने 17 नवंबर सुबह 10 बजे से अन्न-जल त्याग दिया था और लगातार 32 घंटे तक अपनी मांग पर अडिग रहे। इस दौरान प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी उनसे मिलने तक नहीं पहुंचा।

### बीपी और शुगर ने बढ़ाई चिंता

अनशन पर बैठे ओमप्रकाश अग्निहोत्री की तबीयत 24 घंटे पूरे होते ही खराब हो गई थी। उन्होंने भावुक होकर कहा था मुझे बीपी और शुगर की प्रॉब्लम है, चक्कर आ रहे हैं। दुख इस बात का है कि हमने शासन को 8 बार पत्र लिखा, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। मैंने मरना ही बेहतर समझा, इसलिए भूख हड़ताल पर बैठा हूं। बुजुर्गों ने दृढ़ता से कहा था कि जनहित में यदि जान भी जाए तो उन्हें कोई गम नहीं है।. हालांकि अनशन लंबा खींचने और बुजुर्गों की जान जोखिम में पडने के कारण स्थानीय निवासियों में बेचैनी फैल गई थी।



**सीहोर।** आमरण अनशन पर बैठक वरिष्ठ जन।



**सीहोर।** अनशन तूटने के बाद अपने घर लौटते हुए वरिष्ठजन।

### कॉलोनीवासियों की मार्मिक पहल

मंगलवार को जब बुजुर्गों की शारीरिक स्थिति अधिक नाजुक हुई तो हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित आस-पास के निवासियों ने एकजुट होकर बुजुर्गों के जीवन को प्राथमिकता दी। उन्होंने अनशनकारियों से भावनात्मक अपील की और उनसे अनशन समाप्त करने का आग्रह किया। स्थानीय निवासियों ने जूस पिलाकर दोनों वरिष्ठ नागरिकों का आमरण अनशन तुड़वाया।

### कॉलोनीवासियों की मुख्य मांगें हैं

- निर्माणाधीन ओवरब्रिज के दोनों तरफ सर्विस रोड उपलब्ध कराई जाए।
- हाईवे का सीमांकन रेलवे बाउंड्री से किया जाए ताकि उनकी आवाजाही सुगम हो सके और दुर्घटनाओं का खतरा कम हो सके।

## वेक्टर जनित रोग नियंत्रण को लेकर जिला स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में वेक्टर जनित रोगों के प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए जिला स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे वेक्टर जनित रोगों की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को समन्वय के साथ प्रभावी नियंत्रण उपाय लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डेंगू नियंत्रण केवल स्वास्थ्य विभाग का नहीं, बल्कि सभी विभागों और समुदाय का संयुक्त दायित्व है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें, नियमित समीक्षा करें और यह सुनिश्चित करें कि जिले में वेक्टर जनित रोगों पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम हो सके।

कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि रोगों की रोकथाम के लिए जन-जागरूकता, साफ-सफाई और समय पर सर्वे अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि घर-घर सर्वे, रोगियों की त्वरित पहचान, टेस्टिंग और उपचार की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगरीय निकायों एवं पंचायतों को निर्देश दिए कि कहीं पर भी अनावश्यक पानी जमा न होने दें। इसके साथ ही फॉगिंग, लार्वा दमन एवं स्वच्छता अभियान को तेज किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों, आंगनबाड़ियों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएँ, ताकि लोग रोकथाम के उपाय समय रहते अपनाएँ। उन्होंने सभी विभागों को नियमित रिपोर्टिंग, संयुक्त निरीक्षण और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने वेक्टर जनित रोगों पर अधिक प्रभावी नियंत्रण तथा आमजन को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. क्षमा बर्वे से पीपीटी के माध्यम से वेक्टर जनित रोगों, रोकथाम के उपाय और और अन्य विभागों से अपेक्षा के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त वंदना राजपूत, रविन्द्र परमार, डिप्टी कलेक्टर जमील खान तथा स्वास्थ्य, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, शिक्षा, जल संसाधन, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## दिया तले अंधेरा: एसआईआर में जिला मुख्यालय तीसरे नंबर पर !

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के नेतृत्व में जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इस प्रक्रिया के तहत बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं और उन्हें बीएलओ ऐप पर अपलोड कर डिजिटलीकरण कर रहे हैं।

हालांकि इस महत्वपूर्ण कार्य में जिला मुख्यालय की सीहोर विधानसभा का प्रदर्शन जिले की अन्य विधानसभाओं की तुलना में पिछड़ता नजर आ रहा है। जबकि जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी जिला मुख्यालय पर ही मौजूद हैं, सीहोर विधानसभा के मामले में जिले में तीसरे स्थान पर है। एसआईआर प्रक्रिया के प्रथम चरण में जिले की चारों विधानसभाओं ने सराहनीय कार्य किया है, लेकिन बुधनी विधानसभा के बीएलओ ने विशेष रूप से अभूतपूर्व कार्यकुशलता का परिचय दिया है।

**उत्कृष्ट प्रदर्शन :** बुधनी विधानसभा में बीएलओ जीवन सिंह मेवाड़ा ने 04 नवंबर से 17 नवंबर की अवधि में ही 98.11 प्रतिशत डिजिटलीकरण का कार्य पूर्ण कर एक मिसाल कायम की है। उनके साथ नयादास बैरागी ने 80.88 प्रतिशत और प्रेम सिंह ने 78.08 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

कलेक्टर बालागुरू के. ने जीवन सिंह मेवाड़ा सहित सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ की तेजी और प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये बीएलओ न केवल अपनी जिम्मेदारियों को समय से पहले पूरा कर रहे हैं, बल्कि जिले के अन्य बीएलओ के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी बन रहे हैं। उन्होंने टीमवर्क और तकनीक के समन्वय को सफलता का आधार बताया, जिससे जिले का लक्ष्य निर्धारित समय से पहले पूरा किया जा सकेगा।

### अन्य विधानसभाओं में शीर्ष प्रदर्शन

आष्टा: गिरिश कुमार विश्वकर्मा 97.94, गजराज सिंह 94.61 प्रतिशत।
इछावर: जगन्नाथ सिंह 81.18 प्रतिशत।
सीहोर: ओमप्रकाश कुशवाहा 79.70 प्रतिशत।

## प्रिंस विकास राठौर ने जिला चिकित्सालय में घायल दलित पीड़ित पिता-पुत्र से की मुलाकात



**सीहोर।** विगत दिवस जिला चिकित्सालय सीहोर में दलित प्रवेश परिहार तथा उनके पिता हरिसिंह परिहार के साथ एवं पुलिस कर्मचारी के साथ प्राणघातक हमले से घायलों से मुलाकात की तथा उनके स्वास्थ्य के सम्बंध में जानकारी ली एवं अपनी संवेदनायें व्यक्त की तथा डॉक्टरों को पीड़ित परिवार का उचित ईलाज कराने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने कहा कि इस प्रकार शहर में की जा रही गुण्डागिर्दी को बर्दाश्त नही किया जावेगा। मैं दलित पीड़ित परिवार के साथ हमेशा खड़ा हुं, दलित पीड़ित मेरे परिवार जैसे ही हैं। इस अवसर पर दलित जाटव समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

## पिता-पुत्र पर प्राणघातक हमले को लेकर जाटव समाज ने दिया धरना

**24 घंटे के अंदर गिरफ्तारी की मांग, हमलावरों पर बड़ी धारा 307**



**सीहोर।** पीड़ित परिवार के सदस्य नारायण सिंह परिहार ने बताया कि सीहोर जिला चिकित्सालय में डॉ.अम्बेडकर नगर वार्ड क्रं. 11, सीहोर निवासी प्रवेश परिहार तथा पिता हरिसिंह परिहार पिता पुत्र पर उच्च जाति के मुख्य अरोपी भानु राठौर, नवीन राठौर, दीपक परमार द्वारा विगत दिवस पुलिस तथा डॉक्टरों के समक्ष प्राणघातक हमला कर जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया गया। एवं पुलिस कर्मचारी व अस्पताल कर्मचारियों के साथ चिकित्सालय के सामान को तोडफ़ोड़ की गई थी, जिसे लेकर सिटी कोतवाली द्वारा एससीएसटी एक्ट व शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कराये जाने को लेकर प्रकरण में आक्रोषित दलित जाटव समाज ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अन्दर पहुंचकर मुख्य अरोपी भानू राठौर को तत्काल गिरफ्तार कर धारा 307 बड़ाये जाने की मांग को लेकर एसपी के नाम ज्ञापन एडिशनल एसपी सुनीता रावत को सौंपा गया तथा मांग की गई कि यदि 24 घण्टे के अन्दर मुख्य अरोपी भानू राठौर को गिफ्तार नही किया गया तथा सिटी कोतवाली सीहोर द्वारा धारा 307 नही बड़ाई गई तो जाटव समाज द्वारा उग्र आन्दोलन किया जावेगा। जिसकी सारी जवाबदारी पुलिस प्रशासन की होगी। एडिशनल एसपी सुनीत रावत द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण में धारा 307 बड़ाये जाने के निर्देश दिये तथा शीघ्र ही मुख्य अरोपी भानू राठौर को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। उपस्थित सर्व जाटव समाज द्वारा पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया साथ ही ज्ञापन सीहोर के विधायक सुदेश राय को भी सौंपा गया।

### कॉलोनीनाईजर ने की धोखाधड़ी, नहीं लगाए शिव विहार में ट्रांसफर्मर व बिजली के खंभे

**सीहोर।** कॉलोनीनाईजरों के द्वारा प्लाट बेचते समय खरीदार नागरिकों से किए जाने वाले वादे खौखले हीं साबित हो रहे है। खेतों में प्लाट काटकर सुविधाजनक नाली पानी बिजली सड़क के नाम पर लाखों रूपये वसूलकर कॉलोनीनाईजरों ने नागरिकों को भगवान भरोसे ही छोड़ दिया है ऐसा ही मामला सायलो केंद्र के सामने गल्ला मण्डी रोड पर स्थित शिवविहार कॉलोनी से निकल कर सामने आया है। मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे कॉलोनीनाईजर कमलेश राठौर के द्वारा की गई धोखाधड़ी के शिकार हुए नागरिकों ने प्रशासनिक अधिकारियों को बताया कि शिवविहार कॉलोनी बनाने वाले मंजू राठौर पति कमलेश राठौर एवं छाया राठौर ने प्लाट बेचते समय कालोनी में पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने सड़क बनाने और पीने के पानी की समुचित व्यवस्था देने की बात कहीं थी लेकिन अबतक कालोनी में बिजली के लिए ट्रांसफर्मर और बिजली के खंभे नहीं लगाए है। कालोनी में लगभग 43 प्लाट काटकर बेच दिए गए है और 20 मकान बन चुके है। कॉलोनी में बिजली के लिये डी.पी. और पोल नही लगे है इस कारण जिन प्लाट वालों ने प्लाट खरीदकर मकान बना लिये है वे सभी लोग टेम्परेरी कनेक्शन लेकर बिजली का उपयोग कर रहे है। इस कारण सभी नागरिको को हजारों रूपये का बिजली बिल प्रतिमाह अदा करना पड रहा है। जबकी कॉलोनीनाईजर कमलेश राठौर ने प्रत्येक प्लाट खरीदर से बिजली के पोल और डी.पी. लगवाने के नाम पर 15 हजार रू. ले लिए है।

जनगणना के लिए वन विभाग ने जगह-जगह लगवाए हैं ट्रैप कैमरे

# सीहोर में बाघों की गणना शुरू, पहले दिन ही कैमरे में दिखी बाघिन और उसके शावक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

डॉ. विष्णु वाकणकर रातापानी टाइगर रिजर्व में बाघों की गणना का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हो गया है, जिसमें सीहोर जिले के वन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। गणना के पहले ही दिन भोपाल, सीहोर और औबेदुल्लागंज तीनों स्थानों पर बाघिन और उसके शावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इस महत्वपूर्ण गणना के लिए वन विभाग द्वारा ट्रैप कैमरे लगाए जा रहे हैं। रातापानी सहित भोपाल, सीहोर और रायसेन की कुल 172 बीटों में अब तक 344 कैमरे लगाए जा चुके हैं। इसमें अकेले सीहोर में 55 कैमरे लगाए गए हैं, जबकि रातापानी में 85, औबेदुल्लागंज में 75 और भोपाल में 33 कैमरे शामिल हैं। अगले कुछ दिनों में यह संख्या बढक़र 400 तक पहुंच जाएगी।

आधुनिक तकनीक के कारण डेटा सीधे डब्ल्यूआईआई (वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया) तक पहुंचेगा और गणना के नतीजे पहले की तुलना में जल्दी मिल सकेंगे।

**वैज्ञानिक तरीके से बाघ गणना :**बता दें देशभर में हर चार वर्ष के बाद होने वाली इस वैज्ञानिक गणना में पहले उन क्षेत्रों में कैमरे लगाए जाते हैं, जहां बाघों का मूवमेंट दर्ज होता है। कैमरों से मिले फोटो की धारियों का मिलान कर बाघों की पहचान तय होती है। इसके बाद पेड़ों पर खरोंच, लोटने के निशान, मल, पगमार्क और यूरिन मार्किंग जैसे फील्ड एविडेंस की मदद से अंतिम संख्या निर्धारित की जाती है।

### पहली बार हो रहा है विशेष एप का उपयोग

इस गणना की सबसे खास बात यह है कि पहली बार एक विशेष एम स्ट्राइप इकोलॉजिकल एप का उपयोग किया जा रहा है। यह एप बाघों के फिजिकल वैरिफिकेशन में मदद कर रहा है।
- बीटगार्ड नेचर ट्रेल और ट्रांजिट लाइन पर तीन-तीन दिन पैदल चलकर मौके पर मिलेंगे।
- बाघों के मल, खरोंच, पगमार्क और शिकार के अवशेष को एप में फीड किया जाएगा।
- इसके साथ ही जीपीएस लोकेशन और फोटो भी रियल-टाइम में अपलोड होंगे।



खबर संक्षेप



### मनाया गया विश्व एपिलेप्सी दिवस

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में विश्व एपिलेप्सी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ओपीडी में आने वाले व्यक्तियों को एपिलेप्सी (मिर्गी) के लक्षणों जैसे चेहरे, हाथ या पैर पर असर, बेहोशी, गिरना या हाथ-पैर में झटके आना, सोचने-समझने की शक्ति में कमी, मुंह से झाग आना, मांसपेशियों में ऐंठन आदि के बारे में जानकारी दी गई और जागरूक किया गया। नागरिकों को बताया गया कि एपिलेप्सी होने के प्रमुख कारण जैसे मस्तिष्क में विद्युत संकेतों में गड़बड़ी, संक्रमण या बुखार (खासकर बच्चों में), सिर की चोट, स्ट्रोक, कुछ दवाओं का अधिक या अचानक बंद करना, आनुवंशिक कारण (कुछ मामलों में) आदि होते हैं। इस दौरान सभी को इसके उपचार के बारे में भी बताया गया।

### मानव अधिकार आयोग के सदस्य डॉ. सिंह ने ली समीक्षा बैठक

**सीहोर।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस 10 दिसम्बर को महिला सशक्तिकरण की थीम पर मनाया जायेगा। सोमवार को मानव अधिकार आयोग के सदस्य डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने मानव अधिकार आयोग के सभागृह में समीक्षा बैठक ली। डॉ. सिंह ने कहा कि इस बार का अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस महिला सशक्तिकरण पर आधारित होगा। उन्होंने आयोग के सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करें और समय-सीमा में इसका क्रियान्वयन हो। बैठक में आयोग के प्रमुख सचिव मुकेश चन्द्र गुप्ता (आईएएस), उप पुलिस महानिरीक्षक मुकेश कुमार श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार लॉ संदीप कुमार श्रीवास्तव और अपर संचालक महिला बाल विकास सीमा ठाकुर उपस्थित रहे।

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट बढ़कर हुआ 4255 रुपए

**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 18 नवंबर को 4255 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था।

## एक घंटे जाम के बाद प्रशासन ने दिया कार्रवाई का आश्वासन, चालक पर नशे में ड्राइविंग की धारा 185 सहित प्रकरण दर्ज

# रेत से भरी ट्रॉली खाद केंद्र में घुसी, बड़ा हादसा टला छह बाइकें रेत में दबीं, ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

प्रत्यक्षदर्शी किसानों ने बताया कि हादसे के समय चालक नशे की हालत में था, जिससे वाहन पूरी तरह बेकाबू हो गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





मंगलवार सुबह करीब 10 बजे भैरूंदा थाना क्षेत्र के छिदगांव मोजी खाद वितरण केंद्र पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब रेत से भरी तेज रफ़्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर सीधे केंद्र के कार्यालय में घुस गई। घटना से मात्र कुछ मिनट पहले तक सचिव और दर्जनभर किसान कार्यालय के बाहर बैठे थे, लेकिन संयोग से वे थोड़ी दूरी पर चले गए, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। ट्रॉली पलटने से कार्यालय का अधिकांश हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि बाहर खड़ी किसानों की छह दोपहिया वाहन रेत में दबकर बुरी तरह टूटफूट का शिकार हो गए। किसानों के अनुसार हादसे में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

हादसे के तुरंत बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में किसान सीहोर–भैरूंदा मुख्य मार्ग पर उतर आए। रेत से भरी ट्रॉलियों की तेज रफ़्तार व अवैध रेत परिवहन के खिलाफ ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए करीब एक घंटे तक जाम लगाया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि गांव और आसपास के क्षेत्रों में रेत वाहनों की गति पर कोई नियंत्रण नहीं है, जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बिना रॉयल्टी व नंबर प्लेट के चल रही हैं और प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा।

प्रत्यक्षदर्शी किसानों ने बताया कि हादसे के समय चालक नशे की हालत में था, जिससे वाहन पूरी तरह बेकाबू हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लगातार रेत वाहनों से दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं और स्कूल आने-जाने वाले बच्चों व राहगीरों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने खाद केंद्र के पास तथा मुख्य मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनाने की भी मांग दोहराई। सूचना मिलते ही तहसीलदार सौरभ शर्मा, नायब तहसीलदार अनीस कुरैशी तथा थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी मांगों पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया और जाम समाप्त कराया। थाना प्रभारी दांगी ने बताया कि ट्रैक्टर चालक को हिरासत में ले लिया गया है और वाहन मालिक पर भी मामला दर्ज किया जाएगा। क्षतिग्रस्त वाहनों के बीमा क्लेम के लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। फिलहाल दुर्घटना स्थल पर ब्रोकेड लगाकर अस्थायी सुरक्षा व्यवस्था की गई है तथा स्थायी स्पीड ब्रेकर निर्माण के लिए एसडीएम साहब को अवगत कराया गया है।

### चालक हिरासत में, नशे में ड्राइविंग पर धारा 185 सहित प्रकरण दर्ज

ग्राम छिदगांव मौजी में मंगलवार सुबह बड़ा हादसा होते-होते टल गया। करीब 10 बजे रेत से भरी सोनालिका DI47 ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर खाद वितरण सोसायटी के केबिन में जा घुसी, जिससे केबिन को भारी नुकसान पहुँचने के साथ 5–6 मोटरसाइकिलें ट्रॉली के नीचे दबकर क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना के बाद मुख्य मार्ग पर लंबे समय तक भीड़भाड़ बनी रही। सूचना मिलते ही थाना भैरूंदा पुलिस मौके पर पहुँची और पलटी हुई ट्रॉली व रेत को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। सोसायटी प्रभारी अशोक मीना की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक शुभम गोंड (20), निवासी आम्बाकदीम के विरुद्ध धारा 281, 324(4) BNS व 184 MV Act में मामला दर्ज किया।





चालक नशे की हालत में प्रतीत होने पर उसका मेडिकल परीक्षण करवाया गया, जिसके आधार पर धारा 185 MV Act भी जोड़ी गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली को पुलिस ने जप्त कर थाने में सुरक्षार्थ रखा है तथा रेत की रॉयल्टी एवं अन्य कार्यवाही के लिए खनिज विभाग को पत्राचार किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में तेज रफ्तार से वाहन चलते हैं और कई बार हादसे हो चुके हैं।

इस पर मौके पर मौजूद तहसीलदार भैरूंदा ने संबंधित विभाग को स्पीड ब्रेकर निर्माण हेतु निर्देश जारी किए।

## एफआईआर के तीन दिन बाद भी बेरहमी से मारपीट करने वाले शराब कारोबारी पुलिस गिरफ्त से बाहर

**शाहगंज।** मारपीट करने वाले शराब कारोबारियों के विरुद्ध शाहगंज थाने में शनिवार को एफआईआर दर्ज हुई। एफआईआर दर्ज होने के तीन दिन बाद भी आरोपी पुलिस गिरफ्त में नहीं आ सके। पुलिस बीते तीन दिनों से आरोपियों की धरपकड़ के लिए सर्चिंग अभियान चला रही है। सोमवार को पुलिस ने आरोपियों के ग्राम बकतरा और डोबी के ठिकानों पर दविश मारी लेकिन पुलिस को खाली हाथ ही लौटना पड़ा।

जानकारी के अनुसार घटना 10 नवंबर की रात करीब 11 बजे नर्मदापुरम रोड शाहगंज की है। आयुष जोशी अपने खेत से घर लौट रहे थे, तभी मंशाराम, दीपक और राजेश गुर्जर ने रोक लिया। शराब बेचने की झूठी आशंका में उनकी तलाशी ली गई और उन पर बेरहमी बढ़ा दी गई। उनकी रूह कंपा देने वाली चीखें सुनकर राह से गुजर रहे चेतन नामदेव ने मदद करने की कोशिश की, लेकिन दबंगों ने उसे भी पीटना शुरू कर दिया। युवकों ने दया की भीख मांगी, पर नशे और सत्ता के गुरूर में चूर आरोपियों पर किसी बात का असर नहीं हुआ।

क्रूरता इतनी भयावह थी कि आसपास मौजूद लोग डर के मारे आगे आने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। युवकों को धमकी दी गई कि थाने गए तो जिंदा नहीं छोड़ेंगे। यही डर उनके पैरों को दो दिनों तक पुलिस तक ले जाने से रोकता रहा। लेकिन जब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, तो सिस्टम की नींद टूटी। 15 नवंबर को पीड़ित आयुष ने पिता के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके बाद तीनों आरोपियों पर प्रकरण दर्ज किया गया। प्रकरण दर्ज होने के बाद से ही पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए उनके विभिन्न ठिकानों पर दबिश देने गई।

शाहगंज थाना प्रभारी दिनेश चौहान ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है, आज डोबी बकतरा क्षेत्र में पुलिस टीम ने दबिश थी, आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सांसद खेल महोत्सव 2025 का हुआ शुभारंभ




**बुधनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुसार समस्त संसदीय क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने हेतु सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन नगर में उत्साहपूर्वक प्रारंभ हुआ। यह महोत्सव क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगानिकाय स्तर पर वार्डों में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं, जिनमें प्रमुख रूप से कुर्सी दौड़, नींबू-चम्मच दौड़, रस्साकशी सहित अन्य पारंपरिक खेल शामिल हैं। कार्यक्रमों का आयोजन वार्डवार किया जा रहा है। महोत्सव के प्रथम दिवस वार्ड क्रमांक 07, 08 एवं 09 में प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं कार्यक्रम का आयोजन ओरियंटल स्कूल के खेल मैदान में किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय, सतीश गुप्ता, पार्षद प्रभात भदौरिया,यशवंत चौहान, श्रीकांत शर्मा, ज्योति पंजाबी,मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष रघुवंशी स्कूल का स्टाफ तथा नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे।यह खेल महोत्सव आगामी तीन दिनों तक विभिन्न वार्डों में जारी रहेगा। कार्यक्रम का समापन वार्ड क्रमांक 14, माना खेल मैदान ऑडिटोरियम में किया जाएगा। समापन समारोह में प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

## जनप्रतिनिधियों से लेकर बच्चों तक ने दिखाई दमखम, खेल भावना और सहभागिता ने भैरुंदा को किया सराबोर



**भैरुंदा।** नगर परिषद भैरूदा द्वारा आयोजित दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव ने कस्बे में खेल भावना, अनुशासन और उत्साह की नई लहर पैदा कर दी। दशहरा मैदान परिसर में आयोजित चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़ और रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताओं में जनप्रतिनिधियों, अधिकारी–कर्मचारियों, स्कूली विद्यार्थियों, मातृशक्ति और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। खेल मैदान दिनभर तालियों, उत्साह भरे नारों और खिलाड़ियों की ऊर्जा से गूंजता रहा।

कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में नपा अध्यक्ष मारुति शिशिर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर दर्शकों की तालियां बटोरीं, वहीं चम्मच दौड़ में सीएमओ रामप्रसाद भंवरे उपविजेता रहे। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र और नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। खेल शिक्षक नीलमणि सेंगर और सचिन त्रिवेदी ने प्रतियोगिताओं का सफल संचालन किया।

समापन अवसर पर नपा अध्यक्ष शिशिर ने कहा कि "खेल महोत्सव न केवल प्रतिभाओं को मंच देता है, बल्कि सजग और सशक्त समाज निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। छोटे कस्बों से निकलने वाली प्रतिभाएं ही भविष्य के बड़े खिलाड़ी बनती हैं।"

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता रघुनाथ सिंह भाटी, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना , ओम पटेल, सीएमओ आरपी सिंह सहित बड़ी संख्या स्कूल के छात्र छात्राएं, अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

महोत्सव के अगले चरण की घोषणा करते हुए मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने बताया कि 20 से 29 नवंबर तक क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें 24 ग्राम पंचायत टीमें, 10 नगर की टीमें और 6 बालिका टीमें शामिल होंगी। बालिकाओं के मैच गिल्लौर मैदान में तथा अन्य क्रिकेट मुकाबले नगर के खेल मैदान पर होंगे।

साथ ही 13 टीमों की कबड्डी प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र बनेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाएं और खेल संस्कृति को मजबूत बनाने में सहभागी बनें।

### संपत बाई महोबिया के निधन पर स्मृति में किया पौधरोपण



**सीहोर।** सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक एवं परिवार के अवधनारायण महोबिया द्वारा सम्पत बाई पत्नी स्वर्गीय जमना प्रसाद महोबिया के निधन पर उनकी स्मृति में संत शिरोमणि रविदास शमशान घाट मुरली ग्राम पुल के पार वृक्षा रोपण किया गया। इस अवसवर पर प्रमुख रूप से गोपाल महोबिया, सुरेश महोबिया, राजेश महोबिया, हरदेव महोबिया, धरमवीर महोबिया, चंचल महोबिया, सचिन महोबिया, शैलेन्द्र महोबिया, योगेन्द्र महोबिया, जुगलकिशोर महोबिया, अखिलेश महोबिया, अमित महोबिया, विक्रम महोबिया, जोगेन्द्र महोबिया, हर्ष महोबिया, जितेन्द्र मंगरोलिया, अंकित टिमरई, छोटू टिमरई आदि लोग उपस्थित रहे।

### झंडा दिवस निधि में दान करने की कलेक्टर ने शासकीय सेवकों और नागरिकों से अपील

**सीहोर।** देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए, दिव्यांग हुए सैनिकों तथा पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा अनेक कार्यक्रम चलाए जाते हैं। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान इस पुनीत कार्य के लिए जिले के सभी अधिकारियों एवं नागरिकों से झंडा दिवस निधि में अधिक से अधिक दान करने की अपील की है। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि भारतीय सेना के तीनों अंग देश की रक्षा के लिए सदैव सजग रहते हैं। देश की सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ देश की आंतरिक सुरक्षा एवं प्राकृतिक आपदा के समय नागरिकों की सुरक्षा में भी सेना का बहुत बड़ा योगदान है। कर्तव्य-पालन में हमारे अनेक सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए हैं। उनके बलिदान एवं योगदान के लिए राष्ट्र उनका कृतज्ञ है। झंडा दिवस पर सशस्त्र सेनाओं के आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिये झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान के जरिए उनके प्रति कृतज्ञता और एकजुटता प्रदर्शित करने का एक उत्तम अवसर है। कलेक्टर बालागुरू के. ने बताया कि इस राशि का उपयोग शहीद सैनिक की विधवाओं, दिव्यांग हुए सैनिकों एवं अन्य भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिये किया जाता है। पूरा देश झंडा दिवस पर अपना अनुदान देकर सेना के प्रति अपनी एकता की भावना को व्यक्त करता है, जिससे सैनिक भी आश्वस्त होते हैं कि संपूर्ण देश उनके परिवार की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है।

## पूर्व मंत्री पवार की जन्म जयंती के अवसर पर शहर भर में आयोजित किए गए कई कार्यक्रम

# कम्बल वितरण, कन्या भोजन और श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पूर्व केबिनेट मंत्री तथा जनप्रिय नेता तुकोजीराव पवार की जन्म जयंती के अवसर पर सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और उनके आदर्शों को स्मरण किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, जिला महामंत्री भैया राजेश यादव, कार्यालय मंत्री वासुदेव परमार, पुष्पलता सोनगरा, प्रतीक सोलंकी बजरंग लाल बैरवा, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भाजपा जिला अध्यक्ष रामसिंह सैंधव ने कि कहा कि श्रीमंत स्व तुकोजीराव पवार महाराज का जनसेवा, त्याग और समाजहित के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर संगठन समाजकल्याण के कार्यों में निरंतर योगदान देता रहेगा। उक्त जानकारी जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।





### जन्म जयंती पर बांटे कम्बल

मां चामुंडा सेवा समिति ने पूर्व मंत्री तुकोजीराव पवार की स्मृति में कंबल बांटे। सोमवार को मां चामुंडा के दरबार सीढ़ी मार्ग पर विधायक गायत्री राजे पावर, विक्रम सिंह पवार, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के आतिथ्य में दिव्यांगों, जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर समिति के रामेश्वर जलोदिया ने कहा, कि टेकरी के सौंदर्यीकरण में विधायक गायत्री राजे पावर, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, समाजसेवियो, जनप्रतिनिधियों, पूर्व कलेक्टर गौरी सिंह, अशोक बर्णवाल, आशुतोष अवस्थी, महेश अग्रवाल, चंद्रमौली शुक्ला, पुलिस अधीक्षक, निगम आयुक्त का अनुकरणीय योगदान रहा है।

### पूजन करने के साथ ही दृष्टिहीन कन्याओं को करवाया भोजन

पूर्व मंत्री तुकोजीराव पवार की जन्म जयंती के अवसर पर युवा मोर्चा महाराजा मंडल अभिषेक गोस्वामी मित्र मंडल द्वारा दृष्टिहीन कन्या विद्यालय में पुष्पांजलि अर्पित कर बालिकाओं का पूजन एवं कन्या भोज करवाया गया। इस अवसर पर देवास महापौर गीता अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन , मंडल अध्यक्ष सुरेश सिलोदिया, युवा मोर्चा जूनियर मंडल अध्यक्ष केशव जोशी एवं राहुल दायमा, भरत व्यास, भाजपा पदाधिकारी एवं महाराजा मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अभिषेक गोस्वामी ने कहा कि स्व. महाराज की स्मृतियां हमे सदैव जनकल्याण एवं सेवा करने के प्रेरित करती रहेंगी । उक्त जानकारी युवा मोर्चा मंडल महामंत्री गोविंद ठाकुर ने दी।

### नगर में भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध

**बुधनी।** नगर में लगातार भारी वाहनों की तेज रफ्तार के कारण हो रही दुर्घटनाओं और बढ़ते खतरे को देखते हुए एसडीएम डीएस तोमर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लागू किया है। आदेश के अनुसार 2 एक्सल से लेकर 6 एक्सल तक के मालवाहक वाहन, ओएसवी मशीनरी व्हीकल आदि प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक नगर सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगेनिर्धारित समय में इन वाहनों का आवागमन बंद रहेगा, ताकि दुर्घटनाओं पर नियंत्रण किया जा सके और नगर में सुगम यातायात व्यवस्था बनी रहे। मीडिया द्वारा प्रकाशित समाचारो, नगर परिषद,व्यापारी संघ,पुलिस और संबंधित विभागों द्वारा यह जानकारी पहले भी दी गई थी कि भारी वाहनों की तेज गति से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### कमीशन और हफ्ता न देने पर अपराधी ने किए फायर, पीड़ित को लगी दो गोलियां

# अपराधियों के हौसले बुलंद, युवक को गोली मारकर हुए फरार

## पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लूट, प्राणघातक हमला व अन्य धाराओं में किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर में रविवार रात लगभग 10 बजे नेशनल हाईवे पर स्थित वृन्दावन होटल के समीप स्थित पंचर की दुकान के पास हुए हमले में आदतन अपराधी दयाशंकर शर्मा पर प्रॉपर्टी के काम में कमीशन और हफ्ता न देने पर एक व्यक्ति पर फायरिंग करने का आरोप लगा है। हमले में घायल रोहित चंद्रवंशी को दो से अधिक गोलियां लगीं। आरोपियों ने घटना के बाद उसके पास रखे 1.50 लाख रुपये भी लूट लिए और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी दयाशंकर पंडित, नितिन सक्सेना, सुनील निवासी पीलूखेड़ी, दीपक, एवं एक अन्य के विरुद्ध प्राणघातक हमला, लूट एवं अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।



### घटना का विवरण

घायल रोहित पिता हरिचरण चंद्रवंशी उम्र 34 वर्ष, निवासी हनुमान मंदिर के पास कुरावर के बयान पुलिस ने भोपाल के केयर वेल अस्पताल में लिया। रोहित ने बताया कि रात 10 बजे वह तलेन तिराहे पर अपने साथियों सुनील मीणा, पवन मोंगिया, प्रवीण और अजय चंद्रवंशी के साथ था। बाद में वह चाय-नाश्ता करने नेशनल हाईवे स्थित महाकाल होटल पहुंचा, तभी उसे राहुल मीणा का फोन आया और वह सामने स्थित पंचर की दुकान पर पहुंचा। रोहित के अनुसार वहां पहले से दयाशंकर शर्मा, नितिन सक्सेना, सुनील निवासी पीलूखेड़ी, दीपक, राहुल मीणा, अज्जू खान सहित दो अन्य लोग मौजूद थे। आरोप है कि दयाशंकर ने उससे प्रॉपर्टी के काम में कमीशन और हफ्ते की मांग की। रोहित द्वारा मना करने पर विवाद बढ़ गया और दयाशंकर के कहने पर एक साथी ने स्कॉर्पियो से देसी कट्टा निकालकर उसे थमा दिया, जिसके बाद दयाशंकर ने रोहित के कमर के बाईं ओर गोली मार दी। घायल के अनुसार वह घुटनों के बल स्कॉर्पियो तक पहुंचा ही था कि पीछे से एक अन्य आरोपी ने उसके पैर पर डंडा मारा और उसके बाद 3द्4 गोलियां और चलाईं। घायल रोहित के अनुसार उसकी जेब में रखी 1 लाख 50 हजार रुपये की राशि आरोपी लेकर फरार हो गए।

### पुलिस की कार्रवाई

घटना की जानकारी मिलते ही एसपी अमित तोलानी ने एक विशेष जाँच टीम (ªप्ज) गठित की। सोमवार तड़के एसडीओपी मिनी शुक्ला ने भी मौके पर पहुंचकर परिस्थितियों का जायजा लिया। फिलहाल सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं और उनकी तलाश जारी है।

### आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी दर्ज हैं मामले

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार दयाशंकर शर्मा आदतन अपराधी के रूप में सूचीबद्ध है। मार्च माह में भी उस पर नेशनल हाईवे सर्विस रोड स्थित डत्थ टायर शोरूम में पैसे मांगने पर दुकानदार से अभद्रता और दबाव बनाने का मामला दर्ज हुआ था। उस प्रकरण में भी दयाशंकर पुलिस गिरफ्त में नहीं आया और सीधे कोर्ट में पेश हो गया था। सूत्रों के अनुसार आरोपी पहले भी कई मामलों में संलिप्त रहा है।

### एसपी पहुंचे कुरावर पुलिस थाने

दोपहर के समय एसपी अमित तोलानी कुरावर पुलिस थाने पहुंचे जहां उन्होंने मामले में लिफ्ट आरोपियों के परिवार जनों से भी पूछताछ की एवं मामले की पूरी जांच में वहां जुट गए।

**आरोपी शीघ्र होंगे गिरफ्तार**

*हमने मामला दर्ज किया है हम मामले की पूरी जांच कर रहे हैं आरोपी शीघ्र ही हमारी गिरफ्त में होंगे।*

*जितेंद्र मवई, थाना प्रभारी कुरावर*

---


## शीतलहर के चलते स्कूलों के समय में बदलाव

**राजगढ़।** जिले में पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार हो रही गिरावट दर्ज की जा रही है वहीं रात के साथ-साथ दिन में भी शीतलहर चल रही है। गत दिवस राजगढ़ जिले का तापमान पूरे देश में सबसे कम दर्ज होने के बाद जिला प्रशासन ने बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत स्कूलों के समय में परिवर्तन का आदेश जारी किया है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा जारी आदेश के तहत जिले में कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के समस्त शासकीय एवं अशासकीय सहित समस्त प्रकार की शैक्षणिक संस्थाएं प्रातः 9 बजे के पहले संचालित नहीं होंगी। उल्लेखनीय है कि जिले के कई निजी स्कूल सुबह 8 बजे से ही कक्षाओं का संचालन आरंभ कर रहे हैं जिसके लिए बच्चों को भीषण सर्दी के बीच सुबह 7 बजे से घर से तैयार होकर निकलना पड़ता था। ऐसे में बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत उक्त अहम निर्णय लिया गया है।

---

### संचालन पर रोक लगाने के आदेश जारी

# 15 साल पुरानी बसों पर विभाग ने कसा शिकंजा


मध्यप्रदेश शासन
परिवहन विभाग

**ब्यावरा।** 15 वर्ष पूर्ण कर चुकी बसें अब सड़कों पर नहीं चल पाएंगी। ऐसी बसों को मप्र परिवहन विभाग ने यातायात के लिए उपयुक्त और सुरक्षित न मानते हुए उन पर रोक लगाने के निर्देश दिए जारी किए है। इस आदेश के बाद आने वाले समय मे जिला परिवहन विभाग अपनी कार्रवाई में तेजी लाएगा और इस तरह की बसों पर कार्रवाई की जाएगी। सड़क सुरक्षा और यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम जरूरी उपयोगी है परंतु ग्रामीण अंचलों में यातायात को लेकर जो कंडम बसें अपनी संवाएं दे रही हैं उससे आने वाले दिनों में यात्रियों के साथ साथ बस मालिकों को भी परेशानी में डालने वाला है, जो बसे अभी तक प्रशासन के आपसी सामंजस्य से सड़कों पर दौड़ रही थी उन पर रोक लगाना जरूरी है।

### पुरानी बसों को यात्रियों के लिए माना असुरक्षित

परिवहन विभाग ने 15 साल पुरानी बसों को यात्रियों की सुरक्षा के मान से खतरनाक व असुरक्षित मानते हुए उनकी जांच जरूरी बताते हुए उन बसों का सचालन पाया जाता है तो बस संचालक के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जावे। 15 वर्ष की उम्र पूर्ण कर चुके बस श्रेणी के वाहनों का संचालन नहीं होने देने के लिए जिला परिवहन अधिकारियों को आदेश जारी किए गए है।

---

**नशे के दुष्प्रभावों से बचने के बताए उपाय**

# नशा मुक्ति के लिए विहिप ने आयोजित की रन फॉर हेल्थ

**राजगढ़।** नशा मुक्त भारत की परिकल्पना के तहत विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार सुबह मुख्यालय पर रन पर हेल्थ का आयोजन किया गया। नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकले संगठन के युवाओं द्वारा लोगों से किसी भी तरह का नशा न करने का आगृह किया गया। इसके पूर्व विभाग संगठन मंत्री भानू राजपूत एवं जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय ने भगवान राम के चित्र के समक्ष दीप-प्रज्जवलित किया। उपस्थितों को संबोधित करते हुए विहिप जिलाध्यक्ष ने उपस्थित युवाओं एवं छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उनसे बचाने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त युवा ही एक समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर सकता है।




---

### मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम सौंपे अलग-अलग ज्ञापन

# मनमर्जी के आदेशों के विरोध में उतरे सहा. पशु चिकित्सा अधिकारी




**राजगढ़।** जिले के पशु चिकित्सा विभाग में कार्यरत आधा सैकड़ा से अधिक सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों ने अपने ही विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा मनमाने तरीके से आदेश जारी करने के आरोप लगाए हैं। इस संबंध में जिले के सभी पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी सोमवार को कलेक्टेट पहुंचे और मुख्यमंत्री व कलेक्टर के नाम के ज्ञापन एसडीएम ज्योति राजोरे को सौंपे।

मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि पशुपालन विभाग में कृत्रिम गर्भाधन जैसे प्राकृतिक कार्य को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अनुचित दबाव बनाकर मनमाने तरीके से लक्ष्य प्राप्त कर कागजी आंकड़े तैयार किए जा रहे है। चूंकि, विभाग का कृत्रिम गर्भाधन देने का एकमात्र उद्धेश्य उन्नत नस्ल के पशु उत्पादन कर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करना है। कृत्रिम गभाधन जैसा कार्य पूर्णतः प्राकृतिक है। आदर्श परिस्थिति में कृत्रिम गर्भाधन करने से मूल उद्धेश्य की प्राप्ति कुछ हद तक संभव है लेकिन दबाव बनाकर कृतिम गर्भाधन के आंकड़े तैयार करने से किसी का हित नहीं होगा।

**मुख्यमंत्री से किया आग्रहः** ऐसे में मुख्यमंत्री से आगृह किया गया कि पशुपालन की प्राकृतिक एवं तकनीकी वैज्ञानिक विधा मे दक्ष न होने के बावजूद मनमर्जी के आदेश जारी करने वाले वरिष्ठ अधिकारियों को ऐसा करने से रोका जाए। इस अवसर पर संघटन अध्यक्ष होकमचंद संजोदिया, जाहिद अली, रामबाबू दांगी, हेमराज धाकड़, अरविंद दांगी, जगदीश चंद्र राठौर, पीएस चंद्रावत, जुनेद अली, अर्चना यादव, कुं. सदम मंसूरी, शुभम सक्सेना आदि रहे मौजूद।

---



### सेवा सदन में जनसुनवाई

## मंत्री बोले - क्षेत्रवासियों की समस्याओं का शीघ्र करें समाधान जन सेवा संकल्प जनहित सर्वोपरि

**सारंगपुर ।** मप्र प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ गौतम टेटवाल ने एसडीएम चैराहे पर स्थित सेवा सदन कार्यालय में क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनीं और उन्हें शीघ्र एवं प्रभावी समाधान का विश्वास दिलाया। मंत्री ने कहा कि आप सभी के सहयोग और विश्वास से यह जनसेवा की यात्रा निरंतर आगे बढ रही है। आपका विश्वास ही मेरी सबसे बडी प्रेरणा है, और मैं सदैव निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ जनसेवा के इस पावन कार्य में संलग्न रहूँगा। इस दौरान आमजन ने मंत्री के समक्ष पीएम आवास, बिजली, पानी, सड़क और रोजगार से संबंधित मांग रखी और समाधान की अपील की, मंत्री ने सभी समस्याओं का हल करने के लिए आश्वास्त किया।

---

# एमडी ड्रग्स के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, कार जब्त



**सारंगपुर ।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सारंगपुर पुलिस ने एक बड़ी सफलता अर्जित की है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के निर्देशों पर एसडीओपी अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में थाना सारंगपुर पुलिस टीम ने एमडी ड्रग्स तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक ट्रैकशूट पहने गोल्डन कलर की कार के साथ तारागंज रोड पर खड़ा है और उसके पास अवैध एमडी ड्रग्स है। सूचना पर तुरंत टीम गठित कर कार्रवाई की गई। तारागंज रोड पर बताए गए हुलिये का युवक दिखाई देने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सनब्बर अंसारी पिता नासिर अंसारी निवासी बोगदापुल बाग फरहद, थाना ऐशबाग, भोपाल बताया। पुलिस ने युवक के कब्जे से एमडी ड्रग्स 42.50 ग्राम कीमत लगभग 85 हजार घटना में प्रयुक्त गोल्डन कलर की जैन एस्टीलो कार एमपी 04 सीडी 0405 कीमत लगभग 2 लाख 50 हजार जप्त की है। आरोपी के विरुद्ध थाना सारंगपुर में अपराध क्रमांक 779/25, धारा 08/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई है। वही जनचर्चा यह भी है कि आरोपी मछली गैंग का गुर्गा है जिसके ऊपर कई मामले दर्ज हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी सारंगपुर आकांक्षा हाडा,उनि अमित त्यागी आरक्षक राजवीर,अतुल मोर्य, राकेश धाकड़ शुभम आदि का योगदान रहा।

### बिरसा मुंडा पर व्याख्यान माला का आयोजन



**जीरापुर।** शासकीय महाविद्यालय में एमएसडब्ल्यू बी एस ब्लू की कक्षा में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा के प्रेरणादायक जीवन चरित्र पर आधारित कार्यक्रम हुआ।जनजातीय समुदाय के महानायक बिरसा मुंडा के ऐतिहासिक संघर्ष, समाज सुधार और स्वतंत्रता हेतु उनके योगदान को जन-जन तक पहुँचाना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजगढ़ विभाग के संयोजक गिरिराज गुप्ता ने बिरसा मुंडा के जीवन और उनके द्वारा छेड़ी गई उलगुलान (महाविद्रोह) के ऐतिहासिक महत्व को गाँठते हुए बताया कि बिरसा मुंडा ने 19वीं सदी के अंत में अंग्रेजों द्वारा लागू की गई जमींदारी और राजस्व प्रथा के खिलाफ आदिवासी अस्मिता, स्वायत्तता और संस्कृति के संरक्षण हेतु लड़ाई छेड़ी थी।

---

# सामने आए सरकार को चूना लगाने वाले आउटससोर्स कर्मचारियों के नाम

## बिना काम किए ले रहे थे वेतन, विभाग करेगा कार्रवाई या देगा अभयदान


प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर व आउटसोर्स कंपनी भी डाटा बताने में दिखे असमर्थ

वेयरहाउस में कब रुकेगी सरकारी पैसे की लूट! कलेक्टर के जांच आदेश भी निरर्थक

जांच हुई तो वित्तीय अनियमित्ता आएगी सामने, कई ओरिजिनल पत्रक भी गुम

बिना काम किए निकलती रही आउटसोर्स कर्मचारियों की वेतन

23 में से 12 कर्मचारी ही करते हैं काम बाकी का सिर्फ नाम

पिछले तीन महीनों में कम हुए कर्मचारी

इनका कहना है...

कम्प्यूटर ऑपरेटर की ऑफिशियल जांच जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शहर के सरकारी वेयरहाउस में आउटसोर्स कर्मचारियों की ड्यूटी और वेतन को लेकर गठित की गई जांच टीम की रिपोर्ट के बाद जो सच्चाई सामने आई है वह सरकारी पैसे की बंदरबांट की ओर इशारा करती है। कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा के आदेश के बाद जांच टीम ने पाया की ब्यावरा सरकारी वेयरहाउस में 12 आउटसोर्स कर्मचारी ऐसे थे जो बिना काम किए सालों से वेतन ले रहे थे। 50 लाख से ज्यादा के इस घोटाले में कौन-कौन लिप्त है इसका पर्दाफाश होना भी जरूरी है। अब देखना यह है कि वेयरहाउस कार्पोरेशन इस घोटाले को छुपाता है या फिर दोषियों पर कार्रवाई करते हुए उनसे सरकारी पैसे की रिकवरी करता है। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा सरकारी पैसे के दुरूप्योग को लेकर समाचार प्रकाशित किए थे।

### परिवार के लोगों के नाम से निकल रहा था वेतन

जांच टीम के पूर्व हालात यह थे कि वेयरहाउस में आउटसोर्स पर काम कर रहे लोगों ने ही प्रबंधन से सांठ-गांठ कर अपने परिजनों के नाम लिखवा दिए थे और उनके वेतन का आहरण हो रहा था। सालों से निकाले जा रहे इस वेतन का यदि आंकलन किया जाए तो 50 लाख से भी ज्यादा की आर्थिक अनियमितता सामने आएगी।

किसके कहने पर चल रहा था फर्जी आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन का खेल कलेक्टर द्वारा जांच आदेश के बाद 12 कर्मचारी ऐसे निकले जिन्हें कभी वेयरहाउस में देखा ही नहीं गया।

### यह हैं वेयरहाउस के काम करने वाले फर्जी आउटसोर्स कर्मचारी


वेयरहाउस में सालों से काम करने के नाम पर वेतन वसूल करने वाले आउससोर्स कर्मचारियों में -

| क्रमांक | नाम व पिता का नाम |
|---|---|
| 1 | लोकेन्द्र सिंह पिता गोकुल सिंह |
| 2 | चंदनसिंह पिता गोकुल सिंह |
| 3 | लक्ष्मण सिंह पिता गोकुल सिह |
| 4 | सुरेन्द्र सिंह पिता शिवमान सिंह |
| 5 | अजय सिंह पिता गोर्वधन सिंह |
| 6 | गोर्वधन सिंह पिता चांद सिंह |
| 7 | मनोहर सिंह पिता लालसिंह |
| 8 | भूपेन्द्र सिंह पिता लाल सिंह |
| 9 | रिन्कू सिंह पिता जसमान सिंह |
| 10 | रेहान खान पिता जाकिर हबीब |
| 11 | अनिल कुमार पिता मोरसिंह |
| 12 | बंटी पिता गोपाल सिंह |
| 13 | राजनाथ सिंह पिता चरन सिंह |

---

### ईई ने लिखकर दिया तब माने ग्रामीण

# नहरों में पानी न छोड़ने से गुस्साए किसानों ने किया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं के लिए इस समय खेतों में पानी की नितांत आवश्यकता है लेकिन खुजनेर क्षेत्र के 20 से अधिक ग्रामों में अभी तक मोहनपुरा परियोजना की नहरों से पानी नहीं छोड़ा गया है। ऐसे में आक्रोषित किसानों ने सोमवार सुबह करेड़ी और राजपुरा गांव के बीच चक्काजाम कर दिया। पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किसानों ने शासन, प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी। काफी समय तक चले चक्काजाम के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। बाद में विभाग के कार्यपालन यंत्री संदीप दुबे मौके पर पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगामी 3 दिनों में नहरों से पानी छोड़ दिया जाएगा। इसके बाद भी ग्रामीणजन नहीं माने और उन्होंने यह बात लिखकर देने के बाद ही चक्काजाम खत्म करने की बात कही। काफी समय से लग रहे चक्काजाम को देखते हुए कार्यपालन यंत्री द्वारा 20 नवंबर तक नहरें चालू करने की बात लिखित में देने के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया।

### इन गांवों के किसान रहे शामिल

नहरों से पानी जल्द छोड़ने की मांग पर अड़े किसानों में कालूखेड़ी, गेहूंखेड़ी, राजपुरा, नानागांव, बरखेड़ा, चांदपुरा, कुंडीबे, मोरपीपली, मोतीपुरा, तलाईखेड़ा, सरेड़ी, हाजीपुरा, वीरेंद्रपुरा, मनोहरपुरा, जोगीपुरा, फूलखेड़ी, करेड़ा, खेडी, खैरासी, भारतपुरा सहित अन्य ग्रामों के लोग शामिल थे।

---

### जिले की ढाई हजार से अधिक आशा, ऊषा व आशा सहयोगियों का मामला, सौंपा ज्ञापन

# जुलाई से नहीं मिली प्रोत्साहन राशि, घर चलाना भी हुआ मुश्किल

## स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले के रूप में कार्य करती हैं ये सभी महिला कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले के रूप में कार्य करते हुए ग्रामीण अंचलों में विभाग के अनेकों दायित्व निभा रहीं आशा, ऊषा एवं आशा सहयोगी कर्मचारियों को एनएचएम द्वारा कभी भी समय पर प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया जाता है। आलम यह है कि कुछ ब्लॉकों में तो जुलाई माह से ही इन महिला कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं हुआ है।

ऐसे में आशा, ऊषा एवं आशा सहयोगी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले सोमवार को जिले भर की ये सैकड़ों मैदानी कर्मचारी मुख्यालय पर एकत्रित हुईं। यहां सभी एक रैली के रूप में कलेक्टोरेट पहुंची और अपनी मांगों को लेकर पहले जमकर नारेबाजी की। बाद में संघ की जिलाध्यक्ष माधुरी दांगी एवं महासचिव श्यामली के प्रतिनिधिमंडल को कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने उन्हें अपने चेंबर में बुलवाया और इत्मिनान के साथ उनकी समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने प्रतिनिधि मंडल को



आश्वासन दिया कि वे प्रोत्साहन राशि समय पर दिए जाने व अन्य सभी मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखेंगे।

### वेतन, पेंशन, ग्रेज्युटी सभी से वंचित हैं हम

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक के नाम सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि हम सभी महिला कर्मचारी मातृ एवं शिशु मृत्युदर को रोकने, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, परिवार नियोजना कार्यक्रम, टीकाकरण, बीमारियों से रोकथाम सहित विभाग के अन्य अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं। इसके बावजूद आशा, ऊषा एवं आशा सहयोगी बहनें आज बुनियादी अधिकारों जैसे न्यूनतम वेतन, पेंशन, ग्रेज्युटी, कार्य स्थल पर सामाजिक सुरक्षा तक से वंचित हैं।

### मांग उठाने पर कर देते हैं आंशिक भुगतान

महिला कर्मचारियों ने बताया कि राजगढ़ समेत अन्य जिलों में तीन-तीन महीनों से प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया है। अगर हुआ भी है तो आंशिक भुगतान ही किया गया है। अधिकांश ईकाईयों में प्रोत्साहन राशि का भुगतान काफी बकाया है। स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारियों की तरह हर महीने की 5 तारीख के पहले केंद्र एवं राज्य के हिस्से की एक साथ प्रोत्साहन राशि के भुगतान की मांग रखी गई।

### निवार्चन से जुड़े काम भी हमें सौंप रहे

संघटन पदाधिकारियों ने बताया कि एनएचएम द्वारा साल 2023 में सभी जिला निवार्चन अधिकारियों को पत्र जारी कर निवार्चन संबंधी कार्यों में संलग्न न करने का उल्लेख किया गया है, इसके बावजूद इन दिनों चल रहे निवार्चन संबंधी एसआईआर के दायित्व उन्हें सौंपे जा रहे हैं। वे यह काम भी कर सकती हैं लेकिन ऐसा होने पर वे अपने मूल दायित्वों का अच्छे से निवर्हन नहीं कर पाएंगी।

### यह भी रखी मांगे

- वेतन/प्रोत्साहन की सभी बकाया राशियों का भुगतान किया जाए।
- केंद्र द्वारा बढ़ाए गए 1500 रुपए की राशि का एरियर का अविलंब भुगतान हो।
- कंद्र व राज्य के हिस्से का एकमुश्त भुगतान किया जाए।
- आशा एवं पर्यवेक्षकों को किए जाने वाले भुगतान की पर्ची दी जाए।

## खबर संक्षेप

### महाराज श्री के सानिध्य में उपधन ताप आराधना

**चापडा।** महातीर्थ वीरमणिभद्र शिवपुर मातमोर में उपधान तप की आराधना आचार्य देव श्रीमद् विजय विररत्न सुरीश्वर महाराज मार्गदर्शक परम पूज्य आचार्य देव पदमभूषण रत्न सुरीश्वर महाराज साहब पन्यास प्रवर ऋषभविजय महाराज एवं आदि ठाणा के सानिध्य में चल रही है। उसी मे हमारे घर से भी सौ पुष्पानगीनराज पारलेचा ने भी अपना प्रथम उपधान 47 दिवस का किया जो कि 19 नवंबर बुधवार को मोक्ष माला पहनाकर पुर्ण करेगी। यह तप मे साधु साध्वी जैसा जीवन व्यतीत होता है। इसके पूर्व में सावन भादो की चौमासी भी आपने इसी तीर्थ में की और धर्म आराधना कर अपना जीवन सफल बनाया। महाराज साहब एवं परिवार के सहयोग से आपकी तपस्या निर्विघ्न पूर्णता की ओर अग्रसर है। यह जानकारी राहुल कुमार जैन ने दी।

### एसडीएम और तहसीलदार एसआईआर निरीक्षक बने

**देवास।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य किया जा रहा है। जिले की पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं को गणना पत्रक वितरण, एकत्रित करने एवं बीएलओ एप पर जानकारी अपलोड करने का कार्य लगातार जारी है। कार्य को गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में एसडीएम और तहसीलदारों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में बीएलओ द्वारा किए जा रहे एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया जा रहा है।

### पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर मुनि प्रवर सागर ने दिए आशीष वचन

# दो मुट्ठी चावल भगवान को चढ़ाकर हम खुद को ही धर्मात्मा मानते हैं: मुनिश्री

आशिष वचन में कहा, श्रावक के गुण भी नहीं है तो तीर्थंकर कैसे बनोगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



दो मुट्ठी चावल भगवान के समक्ष चढ़ाकर अपने आपको लोग धर्मात्मा मानते हैं। सपने में अगर दिगंबर आचार्यगण और साधु दिख रहे हैं तो वह भव्य जीव है, अगर उनके प्रति सम्मान के भाव नहीं है तो वह जीव मिथ्यादृष्टि है।आंखें होते हुए भी गंधारी जैसी मिथ्यात्व की पट्टी बंधी हुई है। मारिच का जीव अनेक पर्यायों स्त्री, नपुंसक, नर्क पंचेंद्रीय, एक इंद्रिय आदि गतियों में गया और मांस का भक्षण करते करते जिनवाणी सुनकर आगम का ज्ञान और निज तत्त्व का ज्ञान हो गया था। जिसके मन में कषाय नीचे नहीं आ रही है और 10 साल से कषाय पाल रहा है, वह जीव सम्यकदृष्टि नहीं मिथ्या दृष्टि है। आष्टा में साधु -संतों का आगमन चलता रहता है, यह आपका पुण्य है।

उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर आचार्य विनिश्चय सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज ने आशीष वचन देते हुए कही। आपने कहा कि व्यक्ति तीर्थंकर बनना चाहता है, लेकिन अभी श्रावक के गुण भी नहीं है तो तीर्थंकर कैसे बनोगे। अगर आपके यहाँ साधु है तो धर्मसभा में उपस्थित रहना चाहिए। साधु जिनवाणी श्रवण कराने के लिए बैठे हैं और आप मंदिर के अंदर पूजा कर रहे हैं तो पाप कर्म कर रहे हैं। व्यक्ति भगवान की वाणी ग्रहण कर रहा हैं और मन में गलत भाव है,तो वह विष बन जाएगा। गाय जैसे बने वह चारा आदि खाकर दूध देती है। मुनि प्रवर सागर मुनिराज ने कहा आज कल प्रदर्शन का दौर चल रहा है, भगवान की भक्ति, पूजा- अर्चना करने में भी प्रदर्शन करते हैं ,जबकि एकाग्रचित होकर भगवान की आराधना करना चाहिए।जिन भगवान की भक्ति का विशेष महत्व है। वस्तु का स्वभाव समझें। सम्यकदर्शन,सम्यकज्ञान और सम्यकचारित्र को ग्रहण करें। सम्यकत्व धारण करते हैं, संलेखना ग्रहण करते हैं वह आत्मा कल्याण करती है।

व्रती और साधु के प्रति गलत भाव व विचार रखने वाले का कुमरण होता है ,कर्म का फल सभी को भोगना पड़ता है।राजा श्रीपाल ने एक मुनिराज को कौड़ी कहा था उसी का फल उन्हें भोगना पड़ा। वह खुद भी कौड़ी हुए। अनछना पानी सेवन करते हैं और रात्रि में भोजन करते हैं फिर दिगंबर साधु से स्वयं को श्रेष्ठ मानते हैं, यह व्यक्ति की गलत धारणा है। पंच परमेष्ठी के प्रति मनुष्य पर्याय में आस्था रहेगी तो मोक्ष मार्ग पर अग्रसर होंगे। दूसरे का नहीं नीच परिणामों का घात कर रहे हो। स्त्री मैं धर्म है तो वह घर को स्वर्ग बना देती है।मुनिराज प्रवर सागर ने कहा स्त्री दो कूल का दीपक है। वह दो घर को रोशन करती है। चारित्रवान का यश बढ़ता है। स्त्री जननी होती है ,वह कर्म से संस्कार देती है। पहले लोरी सुनाकर बच्चे को चुप करते थे ,सुलाते थे और आज मोबाइल देकर बच्चे को गलत मार्ग पर ले जा रहे हैं। स्त्री ही संस्कार देती है। माँ के गर्भ से ही संस्कार प्राप्त होते हैं। आज बच्चे पाप के मार्ग पर अग्रसर हो रहे हैं और वे संस्कारहीन हो रहे हैं। बेटी और रोटी कभी नहीं बिगड़ना चाहिए ,यह दोनों सुरक्षित रहना चाहिए। कुल की मर्यादा बनी रहे ।

पहले एक व्यक्ति कमाता था और 10 व्यक्ति खाते थे और आज 4 व्यक्ति कमा रहे फिर भी पेट नहीं भर रहा है, क्योंकि व्यक्ति को पैसे की हवस बढ़ गई है। घर की मर्यादा बाहर नहीं जाना चाहिए। धर्म, चारित्र और कर्तव्य से विहीन होते हैं, वह अपना आत्मकल्याण नहीं करते हैं। पहले बेटी को देखने जाते थे तो धर्म और घर गृहस्थी का काम के बारे में पूछते थे और आज जाव का पूछते हैं क्या पैकेज है ,जाव का नशा चढ़ा हुआ है? आज पुण्य का संरक्षण नहीं पाप का संरक्षण कर रहे हैं। वह माता -पिता नहीं दुश्मन हैं। जैनत्व खतरे में है। पुरुषार्थ करें और धर्म व पुण्य अर्जन करें। जैनत्व व वस्तु का स्वभाव समझें।

# पशु चिकित्सा अधिकारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**अवैज्ञानिक, अव्यवहारिक लक्ष्य का है विरोध**




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ध्यप्रदेश सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ जिला सीहोर के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आज जिले में पशुपालन विभाग द्वारा कृत्रिम गर्भाधान कार्य के लिए निर्धारित किए गए अमानवीय और अव्यावहारिक दैनिक लक्ष्यों के विरोध में एकजुट होकर कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपे। संघ ने कलेक्टर सीहोर और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि विभाग द्वारा पशुगणना के आंकड़ों के आधार पर गणितीय डाटा तैयार कर प्रत्येक सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी को प्रतिदिन 20 कृत्रिम गर्भाधान करने का लक्ष्य दिया गया है, जिसे पूरा न कर पाने की स्थिति में वेतन रोकने, वेतन काटने, वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने और निलंबन जैसी दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है।

प्राकृतिक कार्य में प्रशासनिक हस्तक्षेपः कृत्रिम गर्भाधान एक पूर्णतः प्राकृतिक कार्य है, जिसकी सफलता मादा पशु के ऋतुकाल में आने, पशुपालक द्वारा समय पर (6 से 18 घंटे के भीतर) सूचना देने और पशु की उपलब्धता पर निर्भर करती है। ये तीनों कारक मैदानी कर्मचारी के नियंत्रण में नहीं होते। असंभव लक्ष्य और समय की कमीः संघ ने बताया कि एक कार्य में औसतन 1 घंटे का समय लगता है, और संस्था का कार्यक्षेत्र 10 से 20 किलोमीटर तक फैला होता है। ऐसे में एक मानव कर्मचारी द्वारा प्रतिदिन 20 पशुओं का एआई करना किसी भी परिस्थिति में संभव नहीं है। संस्था पर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक उपस्थित रहकर उपचार, औषधि वितरण, बधियाकरण और हितग्राही मूलक योजनाओं का क्रियान्वयन भी करना होता है। इसके अतिरिक्त, टीकाकरण जैसे कार्य सुबह 7 बजे से पशुपालक के घर जाकर किए जाते हैं। 20 एआई का अमानवीय लक्ष्य इन आवश्यक कार्यों को बाधित कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सौंपे गए ज्ञापन में संघ के प्रांतीय सदस्य संघ ने अपील की है कि प्रशासनिक दबाव के कारण केवल कागज़ी और भ्रामक आंकड़े तैयार हो रहे हैं, जिससे उन्नत नस्ल के पशु उत्पादन का मूल उद्देश्य पूरा नहीं हो पाएगा। संघ ने मुख्यमंत्री से, जो स्वयं पशुपालक भी हैं, इस तकनीकी और वैज्ञानिक विधा को समझने और ऐसे अमानवीय आदेशों पर संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। संघ के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह मालवीय, जिला सचिव एस एल हिंडौलिया जिला कोषाध्यक्ष सतीश वर्मा, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य युवराज सिंह,जे सी कठेरिया, पूजा विश्वकर्मा, अर्जुनसिंह धुर्वे,आर एस जाट, के एस ठाकुर, पुनीत प्रभारी,करण सिंह लबाना, अजय जवलाया, राम सिंह मालवीय, लोकेश विश्वकर्मा, कुलदीप सिसोदिया, देवेन्द्र मेवाड़ा, मिनाक्षी शाक्य, दुर्गा कठेरिया, हरिनारायण गौर, रमेश मालवीय, अंतिम मंडलोई मुकेश गोफनिया, पीसी पचलासिया सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# तहसीलदार ने मतदान केंद्र पर अध्यापक को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मतदान केंद्र ग्राम कुंडिया नाथु में अध्यापक रंजीत कुमार चौहान द्वारा कार्य 80 प्रतिशत करने पर जावर तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा द्वारा केन्द्रों पर पहुंचकर पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया। तहसीलदार व्दारा निरीक्षण के दौरान बीएलओ के अच्छे कार्य को प्रोत्साहित करते हुए अन्य बीएलओ को भी इनके कार्य से प्रेरित हो कर शीघ्र कार्य पूर्ण करने का संदेश दिया। अध्यापक चौहान को शिक्षक गोपाल ठाकुर एवं सभी शिक्षकों ने बधाई दी।



# जावर पुलिस ने अपहृत बालिका को दस्तयाब करने में पाई सफलता प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत अपहृत बालकों/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु चलाए जा रहे मुस्कान अभियान में थाना जावर पुलिस को सफलता मिली है। 17 नवंबर को कजलास थाना जावर निवासी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण की रिपोर्ट थाना जावर में दर्ज कराई थी, जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अपराध दर्ज होने के पश्चात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में निरीक्षक नीता देअरवाल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अपहर्ता को दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक नीता देअरवाल, उनि संतोष विश्वकर्मा ,आर 278 पवन पटवा, आर 55 अनिल चौधरी, म.आर 784 हीरामणी व थाना जावर पुलिस का सराहनीय योगदान रहा है।



### भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता भंडारी का किया स्वागत

**चापड़ा।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान रविवार को इंदौर पहुंचे, जहां पर भंडारी के आगमन पर भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। इस दौरान भाजपा नेता सुनील पुरोहित, अनिल प्रजापत, रामेश्वर चौहान, ललित यादव, महेंद्र यादव, सुमित गर्ग, रामदास गर्ग, अखिल पुरोहित सहित कई नेताओं ने उनकी आगवानी की। भंडारी इंदौर के डेली कॉलेज में कार्यक्रम में हेतु इंदौर आए थे।

### कांग्रेस नेता स्व. अकरम शेख तृप्ति की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**देवास।** मृदुभाषी, मिलनसार एवं अनेक संस्थाओं से जुड़कर समाज सेवा करने वाले वरिष्ठ समाजसेवी व कांग्रेस नेता स्व. अकरम शेख तृप्ति की तृतीय पुण्यतिथि श्रद्धा और भावना के साथ मनाई गई। स्व. तृप्ति समाजसेवा के साथ ही अत्यंत मिलनसार थे। जिससे भी वे मिलते थे, उसे अपना मुरीद बना लेते थे। विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर स्व. तृप्ति ने समाज हित के अनेक कार्य किए। इसमें पूर्व मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा, मनोज राजानी, प्रयास गौतम आदि मौजूद थे।

# ओबीसी महासभा का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित, ओबीसी वर्ग पर सरकार की उदासीनता पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय की श्यामपुर तहसील में मंगलवार, 18 नवम्बर 2025 को ओबीसी महासभा का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. ब्रजेन्द्र सिंह यादव एवं विशेष अतिथि के रूप में ओबीसी युवा मोर्चा के प्रदेश सुनील यादव उपस्थित रहे। मंच का संचालन पूर्व जिला प्रभारी भोपाल के चाँद सिंह मेवाड़ा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। अतिथियों का स्वागत ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष श्याम मीणा (केशव) ने किया। इस मौके राष्ट्रीय महासचिव ब्रजेन्द्र यादव ने सभी उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुए ओबीसी वर्ग की बहुप्रतिक्षित मांगों की जानकारी देते हुए बताया कि संख्या के अनुपात में ओबीसी के लिये राज्य विधानसभाओं में सीटें और लोकासभा में 353 सीटें आरक्षित की जायें। ओबीसी समाज की जनगणना घोषित कर-विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका एवं निजी क्षेत्रों में संख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व (आरक्षण) सुनिश्चित किया जाए। ओबीसी आरक्षण में असंवैधानिक क्रिमीलेयर की शर्तों को समाप्त किया जाए। केन्द्र और राज्य के सरकारी विभागों में ओबीसी के रि0 पदों (बैंकलॉग) को अतिशीघ्र भरा जाए। ओबीसी छात्र-छात्राओं की छात्रवृति आय सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 10 लाख प्रतिवर्ष की जाए।



तहसील स्तर पर 500 छात्र-छात्राओं के लिए सर्वसुविधा युक्त छात्रावास की व्यवस्था की जाए। ओबीसी छात्र-छात्राओं को एससीएसटी की तर्ज पर नौकरी आवेदन की न्यूनतम फीस, रेल्वे भत्ता आदि सुवाधिएँ दी जाए। एक समान निःशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य की व्यवस्था लागू की जाए। पिछड़ी जातियों में आपसी मेल-मिलाप, भाई-चारा एवं सांमजस्य के साथ सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक भागीदारी सुनिश्चित की जाये। समाज में व्याप्त कुरुतियों, अंधविश्वास, पाखण्डवाद के प्रति जागरुक करते हुए वैज्ञानिक शिक्षा की ओर अग्रसर किये जाने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर कुछ प्रमुख बिन्दुबार मांगों की पुस्तिका का भी वितरण किया गया। जिलाध्यक्ष श्याम मीणा (केशव) ने कहा कि आरक्षण ना ही कोई भीख है और न ही योग्यता एवं अयोग्यता नापने का पैमाना है और ना ही गरीबी हटाने का साधन है। आरक्षण एक राष्ट्र निर्माण के प्रेत्यक क्षेत्रों में, हर समाज के लोगों की आबादी के अनुपात में, भागीदारी सुनिश्चित करने का मामला है। देश के लोकतंत्र में 72 करोड़ ओबीसी समाज को सभी क्षेत्रों में उसकी 65 प्रतिशत हिस्सेदारी, गांव-गांव में संगठन बनाकर ही दिलाई जा सकती है। ओबीसी पर 13 प्रतिशत होल्ड हटवाने के सम्बंध में आगामी चरण में आन्दोलनों को लेकर विचार विमर्श किया गया एवं गवर्नमेंट की ओबीसी को लेकर उदासीनता पर मंथन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सीहोर तहसील अध्यक्ष नरेश साहू, सीहोर जिला महामंत्री डॉ.दयाल गुर्जर, युवा मोर्चा तहसील अध्यक्ष गोपाल मीणा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकुमारी मीणा, गब्बर साहू, कमल, प्रदीप प्रजापति, सुरेश मेवाड़ा, रामस्वरूप मीणा, विष्णु मीणा, लोकेन्द्र मीणा, अजीत सिंह पूर्व सरपंच, लाखन सिंह सरपंच, इन्दर सिंह गुर्जर, धीरप गुर्जर, राकेश, अमन सहित बड़ी संख्या में ओबीसी महासभा के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।

**पूर्व मंत्री पवार की जन्म जयंती के अवसर पर शहर में आयोजित किए गए कई कार्यक्रम**

# कम्बल वितरण, कन्या भोजन और श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पूर्व केबिनेट मंत्री तथा जनप्रिय नेता तुकोजीराव पवार की जन्म जयंती के अवसर पर सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और उनके आदर्शों को स्मरण किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, जिला महामंत्री भैया राजेश यादव, कार्यालय मंत्री वासुदेव परमार, पुष्पलता सोनगरा, प्रतीक सोलंकी बजरंग लाल बैरवा, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भाजपा जिला अध्यक्ष रामसिंह सैंधव ने कि कहा कि श्रीमंत स्व तुकोजीराव पवार महाराज का जनसेवा, त्याग और समाजहित के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर संगठन समाजकल्याण के कार्यों में निरंतर योगदान देता रहेगा। उक्त जानकारी जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

### जन्म जयंती पर बांटे कंबल

मां चामुंडा सेवा समिति ने पूर्व मंत्री तुकोजीराव पवार की स्मृति में कंबल बांटे। सोमवार को मां चामुंडा के दरबार सीढ़ी मार्ग पर विधायक गायत्री राजे पावर, विक्रम सिंह पवार, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के आतिथ्य में दिव्यांगों, जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर समिति के रामेश्वर जलोदिया ने कहा, कि टेकरी के सौंदर्यीकरण में विधायक गायत्री राजे पावर, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, समाजसेवियो, जनप्रतिनिधियों, पूर्व कलेक्टर गौरी सिंह, अशोक बर्णवाल, आशुतोष अवस्थी, महेश अग्रवाल, चंद्रमौली शुक्ला, पुलिस अधीक्षक, निगम आयुक्त का अनुकरणीय योगदान रहा है।

### दृष्टिहीन कन्याओं को करवाया भोजन

पूर्व मंत्री तुकोजीराव पवार की जन्म जयंती के अवसर पर युवा मोर्चा महाराजा मंडल अभिषेक गोस्वामी मित्र मंडल द्वारा दृष्टिहीन कन्या विद्यालय में पुष्पांजलि अर्पित कर बालिकाओं का पूजन एवं कन्या भोज करवाया गया। इस अवसर पर देवास महापौर गीता अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन , मंडल अध्यक्ष सुरेश सिलोदिया, युवा मोर्चा जूनियर मंडल अध्यक्ष केशव जोशी एवं राहुल दायमा, भरत व्यास, भाजपा पदाधिकारी एवं महाराजा मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अभिषेक गोस्वामी ने कहा कि स्व. महाराज की स्मृतियां हमे सदैव जनकल्याण एवं सेवा करने के प्रेरित करती रहेंगी । उक्त जानकारी युवा मोर्चा मंडल महामंत्री गोविंद ठाकुर ने दी।

# मदनी का युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव निर्वाचित होने पर किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को युवा कांग्रेस के नव-निर्वाचित प्रदेश महासचिव इरफान मदनी का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया। भौंरासा नगर के राजनीतिक इतिहास में प्रदेश महासचिव निर्वाचित पद गौरवशाली माना जा रहा है। कार्यालय परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए इरफान मदनी ने कहा कि युवा कांग्रेस मतदाताओं ने जो भरोसा उन पर जताया है, वह उसके लिए कृतज्ञ हैं। उन्होंने कहा कि वे युवाओं को संगठन से जोड़ने, उनकी समस्याओं को सुनने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नागजीराम यादव ने कहा कि इरफान मदनी का प्रदेश स्तर पर निर्वाचित होना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व से युवा कांग्रेस अधिक सशक्त होगी। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश ईनानी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव, पूर्व उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ नेता अनिल जयसवाल, पीरू ठेकेदार, महेंद्र यादव अन्य लोग उपस्थित रहे।